डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण







पटना, 02 जुलाई, मंगलवार, 2024

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10





**नई दिल्ली।** संसद में आज नीट को लेकर विपक्ष ने खूब हंगामा किया। इस बीच आज लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि भाजपा लगातार संविधान पर हमला कर रही थी, तभी इसका जवाब जनता ने चुनाव में दिया। राहुल ने कहा कि यही नहीं मेरे पर भी हमले हुए। मेरे पर कई केस दर्ज किए गए, यहां तक की मुझे 2 साल की सजा भी सुना दी गई। राहुल ने कहा कि मुझे मीडिया भी टारगेट करता रहा, लेकिन जनता ने जवाब दिया। राहुल ने इसके बाद सदन में भगवान शिव का चित्र दिखाते हुए कहा कि हम सब भगवान शिव की शरण में थे। इसी से हमें ऐसे लोगों से लड़ने में मदद मिली। भगवान के साथ का जिक्रकरते हुए राहुल ने कहा कि शिवजी ने जहर पी लिया था और वो नीलकंठ हो गए थे, वहीं से हमने सीखा और कई जहर पिए। राहुल ने इसके बाद भाजपा और आरएसएस पर तीखा हमला बोला। राहुल ने कहा कि इस्लाम में ये बताया गया है कि पैगंबर कहते हैं कि ईश्वर हमारे साथ हैं, इसलिए डरना नहीं है। उन्होंने कहा कि सिख पंथ के गुरुनानक जी का भी यही संदेश है। इसके बाद राहुल ने भगवान शिव का चित्र दिखाकर कहा कि शिवजी कहते हैं कि डरो और डराओ मत। राहुल ने कहा कि शिवजी ये संदेश देते हैं, लेकिन खुद को हिंदू कहने वाले खुद पूरा दिन हिंसा-हिंसा करते हैं। इस बीच राहुल की इस बात पर हंगामा हो गया, भाजपा ने कहा कि ये पूरे हिंदू समाज को हिंसा करने वाला बताना हुआ। यहां तक कि पीएम मोदी भी खड़े हो गए और उन्होंने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना अपमानजनक है।

# मोदी राज में परीक्षाओं से उठा छात्र-युवाओं का भरोसा, सात साल में हुये 70 पेपर लीक : डॉ0 संजय

## गरीबों के बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ० संजय यादव ने कहा कि भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गया है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। ये सरकार इन युवाओं को कुशल और सक्षम बनाने की जगह उन्हें कमजोर बना रही है देश में पिछले 5 सालों में 43 भर्ती तथा 7 सालों में करीब 70 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। भाजपा राज में पेपर लीक हमारे देश की राष्ट्रीय समस्या बन गई है जिसने अब तक करोड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। सबसे ज्यादा युवा आबादी हमारे पास है। करोड़ों होनहार छात्र दिन–रात मेहनत से पढ़ाई करते हैं, अलग–अलग परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, माता–पिता, तन–पेट काटकर पढ़ाई का बोझ उठाते हैं। बच्चे सालों तक वैकेंसी आने का इंतजार करते हैं। वैकेंसी आती है तो फॉर्म भरने का खर्चा, परीक्षा देने जाने का खर्चा, और अंत में सारा प्रयत्न भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है।प्रोफेशनल एग्जाम को कमर्शियल एग्जाम बना दिया है. ये एग्जाम अमीर बच्चों के लिए बनाया गया है. राहुल गाँधी के सवालों से भाग रही एनडी सरकार सदन में इस पर चर्चा नहीं करना चाहती है. छात्र आज इस परीक्षा पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं. उनको भरोसा हो गया है कि इसको अमीरों के बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है. डॉ० संजय ने कहा कि जब पेपर लीक, नकल व परीक्षाओं में व्याप्त धांधलियां योग्य परीक्षार्थियों को किनारा कर अयोग्य के पात्रों को आगे करती है। तो हर विवेकशील भारतवासी का सिर शर्म से झुक जाता है। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के रद्द किए जाने से छात्र–छात्राओं का जो समय वह आयु बर्बाद हो जाती है उसकी भरपाई असंभव है। इन परीक्षाओं में देश के लाखों छात्र–छात्राएं अपने स्वर्णिम भविष्य देश निर्माण में अपने योगदान व परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए हिस्सा लेते है। इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र–छात्राओं द्वारा अथक परिश्रम होता है। जिसकी मात्र कल्पना ही की जा सकती है। मोदी सरकार ने नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा तथा एनटीए जैसी एजेंसी की छवि धूमिल कर दी है।

# आज लोकसभा में पीएम मोदी और राहुल गांधी के बीच टकरार

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



सोमवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा हो रही थी। इसी दौरान सदन में राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को हिंसक कहने पर प्रधानमंत्री खुद पर काबू नहीं रख सके वह तुरंत अपनी जगह से उठकर खड़े हुए और सदन के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराई।

राहुल गांधी ने भाजपा और सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हिंदुत्व डर, नफरत और झूठ फैलाने के लिए नहीं है। लेकिन खुद को हिंदू कहने वाले 24 घंटे हिंसा और नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं।

राहुल गांधी के इस बयान पर सदन में जमकर हंगामा हुआ। सत्ता पक्ष ने राहुल गांधी के बयान पर सख्त आपत्ति जताई।

अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी को पता नहीं है कि इस देश में करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या यह सभी लोग हिंसा करते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि संपूर्ण हिंदू समाज को हिंसक कहना बेहद गंभीर बात है।

**भाजपा संपूर्ण हिंदू समाज नहीं हो सकती:** राहुल गांधी ने तत्काल प्रधानमंत्री पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि BJP संपूर्ण हिंदू समाज नहीं हो सकती। नरेंद्र मोदी जी संपूर्ण हिंदू समाज नहीं हो सकते।

आरएसएस संपूर्ण हिंदू समाज नहीं सकता। इसके बाद भी उन्होंने भाजपा पर हमले बंद नहीं किए और लगातार सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलते रहे।

इससे पहले राहुल गांधी ने भगवान शिव का चित्र सदन में दिखाया, लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें टोका तो राहुल ने सवाल किया कि क्या भगवान शिव के चित्र को नहीं दिखाया जा सकता है। भगवान शिव अभय मुद्रा में होते हैं। गुरु नानक जी अभय मुद्रा में होते हैं। भगवान महावीर का अभय मुद्रा वाला चित्र भी दिखाया। उन्होंने कहा कि सब महा पुरुषों ने अहिंसा की बात की, डर मिटाने की बात की और कहा कि डरो मत डराओ मत। अभय मुद्रा का मतलब है कि डरो नहीं।

**राहुल गांधी ने पूछा सवाल:** राहुल गांधी ने कहा कि जब अन्य चित्र दिखाए जाते हैं तो भगवान शिव के चित्र को दिखाने में दिक्कत क्या है। शिव शक्ति हैं और त्रिशूल शक्ति का प्रतीक है और शिवजी का त्रिशूल अहिंसा का प्रतीक है, लेकिन जो लोग खुद के हिंदू होने का दावा करते हैं वे हिंसा करते हैं और नफरत फैलाते हैं।

अहिंसा हमारा प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने इस पर हस्तक्षेप किया और कहा कि विपक्ष के नेता ने पूरे हिंदू समाज पर हिंसक होने का आरोप लगाया है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक नहीं कहा जा सकता है।

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि विपक्ष के नेता हिंसा की बात करते हैं और संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को हिंसा को किसी धर्म से जोड़ना गलत है और इस पर विपक्ष के नेता को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। सदन में नियमों का पालन होना चाहिए।

भाजपा के निशिकांत दुबे ने कहा कि संविधान में किसी धर्म पर हमले की इजाजत नहीं है, इसलिए विपक्ष के नेता को माफी मांगनी चाहिए।

# मणिपुर सालों से जल रहा है, पीएम मोदी वहां क्यों नहीं गए, राज्यसभा में जमकर हुआ हंगामा

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

सोमवार को राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान पर जमकर हंगामा हुआ। उन्होंने केंद्र सरकार को घेरा और कहा, लोकतंत्र में अहंकारी नारों की जगह नहीं है। देश का संविधान सबपर भारी है। मणिपुर सालों से जल रहा है। पीएम वहां क्यों नहीं गए। उन्होंने कहा कि घमंड मत करना तकदीर बदलती है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने मोदी को नारे देने में माहिर बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष 10 साल से कह रहा है कि नारे मत दीजिए, काम कीजिए।

खड़गे के बयान पर सत्ता पक्ष की ओर से खूब हंगामा किया गया। खड़गे ने कहा कि मैं पूछता हूं मणिपुर जल रहा है, आप वहां जा नहीं रहे हैं। एक दिन तो जाएं वहां। मोदी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि आप 14 देशों में गए, चुनाव में भाषण दिया। आप मणिपुर क्यों नहीं गए। आपने कुछ लोगों का साथ



दिया, कुछ का विकास किया, गरीबों का तो आपने सत्यानाश कर दिया।

**अहंकार तोड़ने वाला चुनाव:** खड़गे ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव अहंकार तोड़ने वाला चुनाव था। पिछली सरकार के 17 मंत्री को हार का सामना करना पड़ा। किसानों को जीप से रौंदने वाले मंत्री को जनता ने सबक सिखाया। उन्होंने कहा कि ये हमको घमंडी बोलते रहते थे, अरे घमंड तो टूट गया आपका। आज आपको 400 पार का नारा नहीं लगाना पड़ेगा। 200 पार में हैं और वह भी बड़ी मुश्किल से आपके आए हैं।

**कब तक चलेगी 'मन की बात':** खड़गे ने राज्यसभा में कहा कि संसद में दिए गए राष्ट्रपति के अभिभाषण में न कोई दृष्टिकोण है और न ही कोई दिशा है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में गरीबों, दलितों, अल्पसंख्यकों का कोई जिक्रनहीं है।

खड़गे ने राज्यसभा के सभापति से अपील की कि संसद भवन परिसर में महात्मा गांधी, बाबा साहेब आंबेडकर और अन्य नेताओं की प्रतिमाएं उनके मूल स्थानों पर पुनःस्थापित कर दी जाएं। विपक्षी दल आम आदमी की बात करते हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी केवल 'मन की बात' करते हैं।

# इन तीन नए आपराधिक कानून का कांग्रेस ने किया विरोध

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

नई दिल्ली। आज पूरे देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। आज से देश में आईपीसी सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो रहे हैं। नए कानून लागू होने को लेकर विपक्ष ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ट्वीट करके तीनों कानूनों को तुरंत रोकने की मांग की है। उन्होंने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया।

उन्होंने कहा कि इन कानूनों के जरिए पुलिसिया स्टेट की नींव डाली जा रही है। नए क्रिमिनल कानून भारत को वेलफेयर स्टेट से पुलिस स्टेट बनाने की नींव रखेंगे। उन्होंने कहा कि संसद में इन कानूनों पर फिर से चर्चा हो उसके बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा।

कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम ने भी इन कानूनों का विरोध जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, आईपीसी, सीआरपीसी और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेने वाले तीन आपराधिक कानून आज से लागू हो गए हैं। 90-99 प्रतिशत तथाकथित नए कानून कट, कॉपी और पेस्ट का काम हैं। जो कार्य



मौजूदा तीन कानूनों में कुछ संशोधनों के साथ पूरा किया जा सकता था, उसे एक बेकार प्रक्रिया में बदल दिया गया हैहां, नए कानूनों में कुछ सुधार हुए हैं और हमने उनका स्वागत किया है। इन्हें संशोधन के रूप में पेश किया जा सकता था। वहीं कांग्रेस सांसद बी मनिकम टैगोर ने लोकसभा में नीट मुद्दे पर चर्चा के लिए कामकाज स्थगित करने का नोटिस दिया है। साथ ही कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने नीट-यूजी और यूजीसी नेट समेत परीक्षाओं के संचालन में पेपर लीक के मामलों और एनटीए की विफलता पर चर्चा के लिए आज लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

# देश के प्रधानमंत्री के पास मणिपुर जाने का समय नही प्रधानमंत्री

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर मुद्दे पर फिर आक्रमक तेवर अपनाए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे को नाटक बताते हुए पीएम मोदी पर निशाना साधा।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर राज्य की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। रमेश ने कहा कि एक साल से अधिक वक्त बीत चुका है, लेकिन प्रधानमंत्री को हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करने का 'अभी तक समय नहीं मिला' है। जयराम रमेश ने पिछले साल मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे को लेकर हुए 'नाटक' की याद दिलाई और आधिकारिक एक्स हैंडल पर फटे हुए त्यागपत्र की तस्वीर साझा की।



रमेश ने कहा, ''ठीक एक साल पहले, इंफाल में इस्तीफे का एक बड़ा नाटक हुआ था।'

# सेवा दल परिवार हिमकर भारद्वाज जी का हार्दिक अभिनंदन करता है



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज दिनांक 01 जुलाई 2024 को बिहार कांग्रेस सेवादल कार्यालय सदाकत आश्रम में बिहार प्रभारी मोहम्मद अफरोज खान, काङ्गु मुख्य संगठक प्रोङ्गु डाङ्गु डॉक्टर संजय कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष मोङ्गुअहमद राजा खान, प्रदेश महासचिव आशुतोष रंजन, प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी विपिन झा, प्रदेश महासचिव सुनील कुमार सुमन, प्रदेश सचिव सह पटना प्रभारी सुकेश कुमार की उपस्थिति में पटना निवासी लघु उद्योग के संचालक एवं छात्र जीवन से ही संघर्षील समाज सेवक और राजनीतिज्ञ श्री हिमकर भारद्वाज जी ने आज सेवादल की सदस्यता ग्रहण की।

# मध्य प्रदेश में कमजोर होते क्षेत्रीय नेतृत्व से कांग्रेस चिंतित

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत क्षेत्रीय नेतृत्व रहा है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में गड़बड़ाए क्षेत्रीय संतुलन और नेतृत्व ने पार्टी को लगातार कमजोर किया है। अब पार्टी के भीतर ही क्षेत्रीय नेतृत्व को एक बार फिर मजबूत करने की चर्चा हो रही है।

राज्य की सियासत पर गौर करें तो कांग्रेस में क्षेत्रीय क्षत्रपों का बोलबाला रहा है। क्षेत्रीय नेता अपने-अपने इलाके में पार्टी के साथ अपने समर्थकों को मजबूत करने की मुहिम में लगे रहते थे। धीरे-धीरे यह क्षेत्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर होता गया और कई नेताओं ने राष्ट्रीय राजनीति की तरफ रुख कर लिया। इसका असर यह हुआ कि इन नेताओं का अपने-अपने क्षेत्र में प्रभाव पहले जैसा नहीं रहा।



कांग्रेस में एक दौर था जब ग्वालियर-चंबल इलाके में सिंधिया परिवार, इसी क्षेत्र में दिग्विजय सिंह परिवार, मालवा निमाड़ में अरुण यादव के परिवार, महाकौशल में कमलनाथ, विंध्य में अजय सिंह के परिवार और बुंदेलखंड में चतुर्वेदी परिवार का प्रभाव हुआ करता था। ग्वालियर-चंबल के प्रभावशाली नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी और भाजपा में गए तो वहां कांग्रेस का प्रभाव बहुत कम हो गया। दिग्विजय सिंह का राष्ट्रीय राजनीति में दखल बढ़ गया। महाकौशल में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का भी प्रभाव कम हो चला है। बुंदेलखंड से नाता रखने वाले सत्यव्रत चतुर्वेदी राजनीति से संन्यास ले चुके है। विंध्य में अजय सिंह सक्रिय हैं तो मालवा निमाड़ में अरुण यादव। इन दोनों नेताओं को पार्टी उनकी हैसियत के मुताबिक जिम्मेदारी नहीं सौंप रही है।

बीते दो दिन में राजधानी भोपाल में पार्टी के दिग्गज नेताओं का जमावड़ा रहा। पार्टी हाईकमान की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने नेताओं से संवाद किया। इस दौरान एक बात खुलकर सामने आई कि पार्टी में क्षेत्रीय नेतृत्व लगातार कमजोर हो रहा है और इसी के चलते जनाधार खिसक रहा है।

इस समय प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार हैं। दोनों नेता मालवा निमाड़ से आते हैं। पूर्व में युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया भी इसी क्षेत्र से थे। हाल ही में युवा कांग्रेस का अध्यक्ष ग्वालियर-चंबल के मितेंद्र सिंह यादव को बनाया गया है। विंध्य, बुंदेलखंड और महाकौशल के किसी नेता के पास कोई बड़ी जिम्मेदारी नहीं है। पार्टी अब क्षेत्रीय नेतृत्व को एक बार फिर मजबूत बनाने की रणनीति पर काम करने जा रही है।

# तेलंगाना सरकार एक से 10 छात्रों की संख्या वाले हर सरकारी स्कूल में एक शिक्षक की नियुक्ति करेगी

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार एक से 10 छात्रों की संख्या वाले हर सरकारी स्कूल में एक शिक्षक की नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार ने सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के तबादले के लिए कवायद शुरू कर दी है। शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया का उद्देश्य सभी सरकारी स्कूलों में मानक के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है।

पिछली सरकार ने 2015 और 2021 में दो आदेश जारी किए थे। इसके अनुसार, 0-19 छात्रों वाले स्कूल के लिए एक शिक्षक, 20 से 60 छात्रों वाले स्कूल के लिए दो शिक्षक और 61 से 90 छात्रों वाले स्कूल के लिए तीन शिक्षक नियुक्त किए गए थे। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, वर्तमान राज्य सरकार ने प्रत्येक स्कूल में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों के पद आवंटित किए हैं।



1-10 छात्रों की संख्या वाले स्कूल के लिए एक शिक्षक, 11 से 40 विद्यार्थियों वाले स्कूल में दो शिक्षक तथा 41 से 60 विद्यार्थियों वाले स्कूल में तीन शिक्षक आवंटित किए गए हैं। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या 61 से अधिक है, वहां सभी स्वीकृत शिक्षक पदों को भरने के लिए वेब विकल्प उपलब्ध कराए गए हैं।

जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या शून्य है, वहां एक भी शिक्षक पद आवंटित नहीं किया गया है। जिन स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ेगी, वहां शिक्षकों के पदों की संख्या बढ़ाई भी जाएगी मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि पिछली सरकार के विपरीत उनकी सरकार एकल शिक्षक वाले स्कूलों को बंद नहीं करेगी।

हर गांव तथा बस्ती में शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सीएम ने कहा कि उन्होंने दो हजार करोड़ रुपये की लागत से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पड़े सभी सरकारी स्कूल भवनों के पुनर्निर्माण का काम शुरू कर दिया है। सरकार ने सरकारी स्कूलों में छात्रों का नामांकन बढ़ाने की कवायद भी शुरू की है।

# विधानसभा सत्रः कांग्रेस विधायक नर्सिंग के एप्रिन पहनकर पहुंचे और किया जोरदार हंगामा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज सोमवार को हुआ। सत्र के पहले ही कांग्रेस हंगामा के मूड में दिखी। कांग्रेस विधायकों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इस बार की विधानसभा आसान होने वाली नहीं है। सदन की कार्रवाई शुरु होने से पहले ही कांग्रेस के सभी विधायक विधानसभा परिसर स्थित गांधी की प्रतिमा के पास नर्सिंग एप्रिन पहन कर जमकर हंगामा किया। खास बात यह भी थी कि कांग्रेस के सभी विधायक एप्रिन पहनने के साथ ही गले में नर्सिंग घोटाले की चिट लगाकर सदन में दाखिल हुए। इस मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में बड़ा नर्सिंग घोटाला हुआ है और पूर्व चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की देख रेख में पूरा घोटाला किया गया है लिहाजा इतने बड़े घोटाले की जांच चल रही है तो नैतिकता के आधार पर भाजपा सरकार को विश्वास सारंग का इस्तीफा लेना चाहिए।

**बच्चों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ की जिम्मेदारी किसी को तो लेना पड़ेगाः** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस दौरान साफ शब्दों में कहा कि जिस प्रकार से प्रदेश के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है उसकी जिम्मेदारी तो किसी को लेनी होगी। जिन बच्चों का भविष्य अंधकार में जा रहा है उनसे जाकर पूछो उनके दिल में क्या गुजर रही है।

**सारंग के इस्तीफे पर अड़े नेता प्रतिपक्षः** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक विश्वास सारंग का इस्तीफा नहीं हो जाता है, तब कांग्रेस की तरफ से विरोध प्रदर्शन का दौर जारी रहेगा। वहीं कांग्रेस के जवाब में राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने कहा कि कांग्रेस विधायकों को कुछ नहीं आता। उन्हें अभी बहुत सीखने की जरुरत है। जब मामला सीबीआई के पास है और उसमें जांच चल रही है तो इंतजार करें कुछ दिनों में सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने इस दौरान कहा कि सीबीआई भी तरीके से जांच नहीं कर रही है। सीबीआई के ही कई अफसर इसी मामले में जेल में है। सरकार को इस मामले को लेकर पूर्व जजों की एक कमेटी बनाने चाहिए जिसमें शिकायतकर्ता को भी शामिल करना चाहिए।



# भगवान शिव ने जहर पी लिया और हो गए नीलकंठः राहुल गांधी



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि इखढ लगातार संविधान पर हमला कर रही थी। इसका परिणाम चुनाव में दिखा है। उन्होंने कहा कि हमारे कई नेताओं को जेल में डाला गया। एक नेता तो अभी ही जेल से निकले हैं और एक अब भी बंद हैं। उनका इशारा अरविंद केजरीवाल की ओर था।

**आप तो पत्थर जैसे हैं:** राहुल गांधी ने कहा कि मेरे ऊपर भी हमला किया गया और यह सब देश के प्रधानमंत्री के आदेश पर किया गया। मेरे ऊपर 20 से ज्यादा केस दर्ज हुए और दो साल की सजा सुनाई गई। मेरा घर छीन लिया गया और मीडिया में 24 घंटे मेरे खिलाफ प्रचार चला। मुझसे 55 घंटे तक पूछताछ की गई। जब यह समाप्त हुई तो अफसर ने ऑफ कैमरा मुझसे कहा कि आप 55 घंट बैठे रहे, लेकिन आप हिलते क्यों नहीं। आप तो पत्थर जैसे हैं।

इस दौरान राहुल गांधी ने सदन में भगवान शिव की तस्वीर दिखाई और कहा कि हम भगवान की शरण में थे। इसी से हमें इन हालात से लड़ने में मदद मिली। भगवान शिव के आशीर्वाद का जिक्रकरते हुए कहा कि उन्होंने जहर पी लिया था और नीलकंठ हो गए थे। उसी से विपक्ष ने सीखा और हम जहर पीते रहे। उन्होंने शिवजी के तीन प्रतीकों का जिक्रकरते हुए कहा कि त्रिशूल हमें अहिंसा का संदेश देता है। इसके अलावा उनकी अभयमुद्रा में जो हाथ उठता है, वह कांग्रेस के ही सिंबल जैसा है।

**इस्लाम का भी किया जिक्र:** यही नहीं राहुल गांधी ने इस्लाम का भी जिक्रकिया। उन्होंने कहा कि पैगंबर कहते हैं कि ईश्वर हमारे साथ है और हमें डरना नहीं है। इस तरह इस्लाम में भी डर से दूर रहने का संदेश दिया गया है। राहुल गांधी ने इस दौरान सिख पंथ के गुरु नानक की भी तस्वीर दिखाई। इस दौरान राहुल गांधी ने भगवान शिव की अभयमुद्रा का जिक्रकरते हुए कहा कि वह संदेश देते हैं कि डरो और डराओ मत। वह ऐसा संदेश देते हैं, जबकि खुद को हिंदू कहने वाले लोग पूरे दिन हिंसा–हिंसा करते हैं। हिंदू को हिंसा से जोड़ने वाली बात पर भाजपा के सांसद हंगामा करने लगे और इस समाज का अपमान बताया।

# अग्निवीर यूज एंड थ्रो', अग्निपथ योजना पर भिड़े राहुल–राजनाथ

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'अग्निवीर यूज एंड थ्रो' योजना है। यही नहीं उन्होंने अग्निवीर जवानों को 'यूज एंड थ्रो मजदूर' बताया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अग्निवीर को प्रधानमंत्री शहीद नहीं मानते हैं। राहुल ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा लोकसभा में कहा कि एक अग्निवीर ने बारूदी सुरंग विस्फोट में अपनी जान गंवा दी, लेकिन उसे 'शहीद' नहीं कहा गया। 'अग्निवीर' एक इस्तेमाल करो और फेंक दो वाला मजदूर है।

**राजनाथ सिंह ने किया दिया जवाब:** संसद में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी के आरोपों पर जवाब दिया। रक्षा मंत्री ने कहा, नेता प्रतिपक्ष सदन को गुमराह कर रहे हैं। अग्निवीर शहीदों को 1 करोड़ रुपये दिया जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा, अग्निवीर जैसी योजना कई देशों में है। वहां किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं है। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा, ₹सदन झूठ बोलने की जगह नहीं है।

**राहुल पर गलत बयानी का आरोप:** कांग्रेस और



विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर आपत्ति जताते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, राहुल गांधी को गलत बयान देकर सदन को गुमराह करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने सदन को जानकारी दी कि हमारी सीमाओं की रक्षा करते हुए या युद्ध के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर जवान के परिवार को एक करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता केंद्र सरकार देती है

# 20 गांवों के रैयतों के साथ फोरलेन सड़क निर्माण में किया जा रहा भेदभावःकांग्रेस

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

**पलामू:** ठल 75 में सतबरवा प्रखंड के 20 गांव के रैयतों के साथ केंद्र सरकार फोरलेन सड़क निर्माण करने के नाम पर भेदभाव कर रही है और उन्हें बाजार मूल्य के हिसाब से उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए पलामू कमिश्नर से लेकर राज्य और केंद्र सरकार के पास मामले को लेकर जाएंगे। यह बातें कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री कृष्णानंद त्रिपाठी ने सोमवार को कही।

त्रिपाठी ने प्रखंड के खामडीह, रजडेरवा, सतबरवा और बकोरिया में रैयत संघर्ष मोर्चा के लोगों के साथ बैठक के दौरान कहा कि कोई भी सरकार लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकती है। इन रैयतों को बहुत ही कम राशि मुआवजा के तौर पर फिक्स किया गया है जबकि बाजार मूल्य के अनुरूप इन्हें ज्यादा मुआवजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रैयतों के साथ कमिश्नर से बात की जाएगी। जरूरत पड़ने पर




राज्य और केंद्र सरकार के पास मुआवजा बढ़ाने को लेकर जाएंगे। त्रिपाठी ने कहा कि सतबरवा प्रखंड के 20 गांवों से होकर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनने वाली सड़क निर्माण में 220 एकड़ से ज्यादा जमीन अधिग्रहण के लिए जमीन मापी के बाद पीलर गाड़ा गया है। यहां के रैयतों के द्वारा मुझे सूचना मिलने के बाद हम उनके साथ हर समय खड़े रहेंगे। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है। अंग्रेजी हुकूमत की तरह फरमान जारी नहीं करें।


रैयत संघर्ष समिति अध्यक्ष संत कुमार मेहता और महासचिव संजय कुमार यादव ने कहा कि इससे पूर्व 24 जून को अपर समाहर्ता तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी और भू–अर्जन पदाधिकारी के साथ बैठक हुई, जिसमें किसी प्रकार का हल नहीं निकल पाया।

उल्लेखनीय है कि लातेहार के उदयपुरा से पलामू के भोगू गांव तक फेज तीन में फोरलेन सड़क का निर्माण होना है। 350 रैयत के द्वारा अपर समाहर्ता कोर्ट में मुआवजा राशि बढ़ाने को लेकर मामला चल रहा है।


बैठक में बजरंगी साहू, बीस सूत्री अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अविनाश प्रसाद, विजय मेहता, मोहम्मद साजिद, जयनाथ साहू, धर्मवीर प्रसाद, महेश प्रसाद, लाल बिहारी यादव, बृजभान सिंह, संतोष बैठा, दशरथ यादव, अरुण गांधी, पितांबर यादव, जितेंद्र चौधरी समेत सैकड़ो रैयत मौजूद थे।


# हर धर्म सिखाता है – डरो मत, डराओ मत। सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, उससे पीछे नहीं हटना चाहिए, और अहिंसा के रास्ते पर चलना चाहिए। जब भाजपा ने देश में भय फैलाया, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इंडिया ने इसी सोच को अपनाया।













# लिख लो ! गुजरात में आपको...राहुल गांधी ने पीएम मोदी को कौन सा नया चैलेंज दे दिया

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



कांग्रेस और विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में राष्ट्रपति के अधिभाषण पर चर्चा करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी को चैलेंज किया और कहा कि आप लिख लो, गुजरात में कांग्रेस पार्टी बीजेपी को हराने जा रही है। राहुल गांधी ने आगे कहा कि किसी भी छोटे और मझोले उद्योग वालों से पूछ लीजिए कि नोटबंदी क्यों की गई ? वो कहेंगे अरबपतियों की मदद के लिए की गई। राहुल ने कहा, ₹गुजरात मैं गया टेक्सटाइल ऑनर से मेरी बात हुई, उनसे पूछा नोटबंदी क्यों हुई, जीएसटी क्यों हुई। साफ बोला कि अरबपतियों की मदद करने के लिए जीएसटी लाई गई।₹ कहा, इसका मतलब है नरेंद्र मोदी अरबपतियों के लिए काम करते हैं।

**जीएसटी और नोटबंदी पर बोले:** नोटबंदी और जीएसटी पर राहुल के बयान के बाद संसद में बीजेपी के नेताओं ने हंगामा शुरू कर दिया। इस पर राहुल गांधी ने अपनी सफाई में कहा कि वे गुजरात जाते रहते हैं। वहां के हालात उनको पता हैं। बीजेपी की ओर इशारा करते हुए कहा, ₹इस बार आपको गुजरात में हराएंगे। आप लिखकर ले लो आपको विपक्षी इंडिया गठबंधन गुजरात में हराने जा रहा है।₹ बता दें कि लोकसभा चुनावों में इस बार बीजेपी गुजरात में क्लीन स्वीप नहीं कर पाई है। कांग्रेस पार्टी ने वापसी करते हुए बनासकांठा सीट बीजेपी से छीन ली है। वहीं, राहुल गांधी पिछले कुछ दिनों से गुजरात में सक्रिय हैं।

**अग्निवीर योजना की आलोचना की :** इसके साथ ही, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'अग्निवीर यूज एंड थ्रो' योजना है। यही नहीं उन्होंने अग्निवीर जवानों को 'यूज एंड थ्रो मजदूर' बताया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि अग्निवीर को प्रधानमंत्री शहीद नहीं मानते हैं। राहुल ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा लोकसभा में कहा कि एक अग्निवीर ने बारूदी सुरंग विस्फोट में अपनी जान गंवा दी, लेकिन उसे 'शहीद' नहीं कहा गया। 'अग्निवीर' एक इस्तेमाल करो और फेंक दो वाला मजदूर है। बीजेपी ने सदन में इसका विरोध किया।

# अगर गोस्वामी तुलसीदास जी के शब्दों में कहें तो



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

परम धरम श्रुति विदित अहिंसा – हमारे वेदों में भी अहिंसा को परम धर्म माना गया है। धरमु न दूसर सत्य समाना, आगम निगम पुरान बखाना – वेद, शास्त्र और पुराणों में कहा गया है कि सत्य के समान दूसरा धर्म नहीं है। दूसरी तरफ, भाजपा अपनी राजनीति और सत्ता के लिए असत्य, हिंसा और नफरत का सहारा लेती है। धर्म की गहरी भावना का सम्मान सत्य, अहिंसा और प्रेम के बगैर संभव नहीं है। भाजपा ने धर्म को नैतिकता नहीं, सत्ता का साधन बना दिया है। ये रामभक्त नहीं, दामभक्त हैं। भारत की जनता भी ये बात समझ चुकी है और इसलिए आज भारत के लोग कह रहे हैं कि धर्म के नाम पर ये ठेकेदारी बंद करो।

# झारखंड हाई कोर्ट से एससी-एसटी मामले में विधायक इरफान की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण



झारखंड हाई कोर्ट से जामताड़ा से जुड़े एसटी–एससी से जुड़े एक मामले में जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी को सोमवार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर कर लिया। सुनवाई के दौरान इरफान अंसारी की ओर से शिकायतवाद दर्ज करने वाली महिला के द्वारा लगाए गए आरोप को बेबुनियाद बताया गया। कहा गया कि महिला के समर्थन में जिन लोगों ने गवाही दी थी वह किसी खास राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता थे। विधायक को षड्यंत्र के तहत इस मामले में फंसाया गया है। एक महिला सुनीला देवी ने दो जुलाई, 2022 को अपने एक अन्य एसटी–एससी केस का अनुसंधान सही तरीके से नहीं होने को लेकर एसडीओ ऑफिस, जामताड़ा के समक्ष धरना दिया था। आरोप है कि विधायक इरफान अंसारी अपने करीब 15 समर्थकों के साथ वहां पहुंचे थे और महिला का धरनास्थल का टेंट उखाड़ दिया। साथ ही जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल भी किया था। मामले को लेकर जामताड़ा की निचली अदालत में शिकायतवाद दर्ज किया गया था, जिस पर अदालत में संज्ञान लिया था। कोर्ट ने इरफान अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अजय बोले, मौका मिला तो जमशेदपुर पूर्वी से लड़ूंगा चुनाव

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस के पूर्व प्रवेश अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार ने कहा है कि अगर पार्टी ने उन्हें मौका दिया तो वह चुनाव लड़ेंगे। डॉ अजय कुमार ने कहा पार्टी द्वारा अगर मौका मिला तो मैं जमशेदपुर पूर्वी से विधानसभा चुनाव लड़ूंगा। ये बातें उन्होंने रविवार को धतकीडीह के एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इसके साथ ही डॉ.अजय कुमार ने न्यूनतम मजदूरी पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है।



**जनता के हितों के लिए हमेशा तत्पर :** डॉ अजय ने आगे कहा कि यह पार्टी को तय करना है कि वे चुनाव लड़ेंगे या संगठन का कामकाज संभालेंगे। वे जमशेदपुर की जनता के हितों के लिए हमेशा तत्पर रहे हैं और आगे भी सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। अजय ने कहा कि जमशेदपुर की जनता से उनका पुराना लगाव है। वे हमेशा जनता के बीच रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा मार्च में ही न्यूनतम मजदूरी लागू की गई है। इसके बाद भी यहां की कंपनियां, व्यापारिक क्षेत्र, औद्योगिक कंपनियों द्वारा न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है।

न्यूनतम मजदूरी पर मुख्यमंत्री को लिखा पत्रः न्यूनतम मजदूरी के संबंध में डॉ. अजय ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है। मांग की है कि जल्द कंपनियों एवं औद्योगिक घरानों के प्रतिनिधियों एवं मजदूर संगठनों की बैठक बुलाकर इसे लागू कराएं। औद्योगिक संगठन के माध्यम से उनके प्रतिनिधियों को तलब करें और बातचीत कर जानने का प्रयास करें कि उद्योग चलाने में उन्हें कहां परेशानी हो रही है। जरूरत पड़ने पर उद्योगों को भी राहत दें, ताकि वे न्यूनतम मजदूरी देने में सक्षम बने रहें। उन्होंने कहा कि यदि न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है तो ऐसे में मजदूर अपने क्षेत्र के लेबर कमिश्नर ऑफिस में लिखित शिकायत कर सकते हैं।

## नर्सिंग घोटाले के मास्टर माइंड का इस्तीफ़ा क्यों नहीं



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

आज से #मध्यप्रदेश विधानसभा का सत्र शुरू हो रहा है. कांग्रेस के सभी सम्मानित विधायक इखढ सरकार से नीट और नर्सिंग घोटाले का हिसाब लेंगे. युवाओं का भविष्य बर्बाद करने से जुड़े हर सवाल का जवाब लेंगे.

मोहन यादव सरकार को यह भी बताना होगा कि अपने वचन-पत्र को गीता और रामायण जैसा पवित्र बताने के बाद भी लाड़ली बहनों को ₹3000 प्रतिमाह, गेहूं के लिए ₹2700 और धान का समर्थन मूल्य ₹3100 क्यों नहीं दिया जा रहा? सरकार ने आज तक इस पर एक भी कदम क्यों नहीं उठाया है?

मध्य प्रदेशकी आर्थिक स्थिति पर श्वेतपत्र लाओ ?

प्रदेश भाजपा सरकार को यह भी बताना होगा कि दलितों पर सबसे ज्यादा अत्याचार मप्र में ही क्यों होने लगे? दलित महिलाओं को तालिबानी तरीके से मध्यप्रदेश में क्यों पीटा जा रहा है? दलितों के साथ अपराध और अत्याचार के मामलों में मध्यप्रदेश नंबर वन क्यों है? वल्लभ भवन की पांचवी मंजिल से ट्रांसफ़र उद्योग क्यू चल रहा हैं? क्यों मध्यप्रदेश में शराब पर अतिरिक्त वसूली कर, सरकार की ऊपरी जेब भरी जा रही है? मप्र की परिवहन चौकियों पर लूट के खुले अड्डों को लेकर अब तक भी सिर्फ बयान ही क्यों जारी हो रहे हैं?

## बिहार प्रदेश मुख्यालय सदाकत आश्रम में पूर्व अध्यक्ष एवं महान स्वतंत्रता सेनानी स्व अब्दुल कयूम अंसारी जी की 120 वी पुण्यतिथि पर बिहार प्रदेश कांग्रेसजन ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें स्मरण और नमन किया।



## राहुल गांधी जी ने आज जो संसद में कहा, वो हर भारतीय के मन की आवाज है

राहुल गांधी जी का ये भाषण इतिहास में दर्ज होने वाला है।ऐसा पहली बार हुआ जब उनके भाषण के दौरान ढट मोदी से लेकर गृह मंत्री और रक्षा मंत्री को कई बार खड़े होकर जवाब देना पड़ा हो। आज एक अकेले राहुल गांधी सब पर भारी पड़ रहे थे।

: Imran Pratapgarhi जी

